तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 7 नवंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 एलबी संवर्ग व्याख्याता अनिता का सेवानिवृत्त...



14 धान खरीदी से पहले सहकारी समितियों में लग गया...







## खबर संक्षेप

### जिपं सीईओ हरेश ने किया पदभार ग्रहण



**कांकेर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में अपर कलेक्टर हरेश मंडावी ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर 6 नवंबर को पूर्वाह्न में पदभार ग्रहण कर लिया है।

### सुखई में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग सांसद को दिया ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सुखई, नेवारी, मिचेसुखई, हल्बा पारा मिचेसुखई, मेड़ो व चाहचाड़ के किसानों ने ग्राम सुखई में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर सांसद भोजराज नाग को ज्ञापन सौंपा है। किसान एवं सरपंच प्रतिनिधि जगत दुग्गा, देवेंद्र टेकाम भारत सलाम कृष्ण जैन बंसी महावे राजेंद्र बेसरा नंदू खरे ने बताया कि ग्राम सुखई, नेवारी, मिचेसुखई, हल्बा पारा मिचेसुखई, मेड़ो व चाहचाड़ में ग्राम कोदापाखा लैम्पस के आश्रित गांव है। यहां धान की अच्छी पैदावार होती है, लेकिन अपनी मेहनत की उपज को बेचने के लिए ग्राम कोदापाखा के खरीदी केंद्र में लाइन लगाना पड़ता है। खरीदी केंद्र में किसानों की अधिक भीड़ होने के कारण कई किसान अपना धान नहीं बेच पाते हैं। इसलिए ग्राम सुखई धान खरीदी खोलने की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा है। सांसद में धान खरीदी केंद्र खुलवाने का आश्वासन दिया है।

**चुनाव :** कांकेर जिले में जिला पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायतों का 13 क्षेत्र में किया गया विभाजन

# पंचायत चुनाव की आहट सुनाई देने लगी निर्वाचन क्षेत्र तय, दावा आपत्ति आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- सीमाओं में किसी तरह का नहीं किया गया बदलाव, आपत्ति की संभावना न के बराबर

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 30 के साथ गठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए सीमा क्षेत्र का निर्धारण किया है। निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जिले के किसी निवासी को कोई दावा आपत्ति करना हो तो वह 8 नवंबर तक कलेक्टर को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाएगा वहीं निर्धारित तिथि उपरांत अंतिम विनिश्चय प्रकाशित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से लेकर 13 तक की सीमा व गांव में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। 2020 के चुनाव के समय जो सीमाएं व गाँव सम्मिलित थे, वहीं गाँव व सीमा आज भी बनी हुई है। सीमाओं के तय हो जाने के उपरांत आरक्षण की प्रकिया प्रारंभ हो जाएगी। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ किए जाने की चर्चाएं चल रही है, इससे यह तय है कि चुनाव फाइनेंशियल माह के खत्म होने के बाद ही आचार संहिता लगेगी। वर्तमान जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल खत्म होने के उपरांत परामर्शदात्री समिति बनाकर उसके द्वारा विभाग का संचालन हो सकता है।




### विधानसभा भानुप्रतापपुर क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र

"निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05" में शामिल ग्राम पंचायत डोडकावाही, शाहवाड़ा, बाड़ाटोला, कोटेला, पलेवा, कुर्सभाट, टांहकापार, गितपहर, हल्बा, किलेपार, पंडरीपानी, भिरौद, करिहा, तुएगहन, हाराडुला, अरौद, भिलाई, जेपरा, रानीडोंगरी, भानपुरी, सराधूनवागांव, खरथा, जैसाकर्रा, चिनौरी, बासनवाही, लखनपुरी, पिपरौद, तारसगांव, कानापोड़, खैरखैड़ा, गोलकुम्हड़ा शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06" में शामिल ग्राम पंचायत कसावही, डेड़कोहका, आपरी, भर्री टोला, डोकला, महुद, मुड़खुसरा, सिरसिदा, दरगहन, बडेगौरी, चांवडी, बारगरी, पुरी, रामपुर, कहाड़गोदी, कुर्सटोला, गिरहोला, सालेटोला, चारभांटा, लिलेजर, मयाना, मर्कटोला, भोथा, कांटागांव, किशनपुरी, परसोदा, गांडागौरी, कोटतरा, बागडोंगरी, उड़कुड़ा, तेलगरा, मैनपुर, गोटीटोला शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07" में शामिल ग्राम पंचायत कच्चे, साल्हे, ईरागांव, दबकट्टा, डोंगरट्टा, डुमरकोट, भौसाकन्हार, हरनपुरी, सेलेगांव, चिल्हाटी, बैजनपुरी, कोरर, कुर्री, कनेचुर, भोड़ीया, डोगरगांव, बारवी, मुंगवाल, हेटारकसा, भानबेड़ा, भेजा, कुल्हाडकटटा, कुडाल, चिचगांव, नैसाकन्हार (क), मुल्ला, टेड़ईकोंदल, सम्बलपुर, कराथी, चौगेल शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08" में शामिल ग्राम पंचायत बोगर, विनायकपुर, करमोती, चबेला, जातावाडा, घोटिया, बांसला, नारायणपुर, घोठा, कन्हारगांव, भीरागांव, कवति, परवी, आसुलखार, पेवारी फरसकोट, सोनेकन्हार, धनेली, हाटकरा, तराण्डुल, तुएगहन, बांसकुण्ड, तराईघोटिया, कलंगपुरी, झिटकाटोला, परेकोड़ों, भीरावाही, हाटकोंदल, तरहूल, सिवनी, आमाकड़ा, राउरवाही शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09" में शामिल ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्स, लोहत्तर, दमकसा, पेडावारी, बरहेली, चिहरो, भंडारडिगी, हानपतरी, खुटगांव, दुर्गुकोंदल, कर्रामाड़, सिहारी, मेड़ो, बांगाचार, कोडापाखा, सुरूगदोह, कराकी, गुदूम, कोड़ेकुर्स, चाउरगांव, गोड़पाल, हामतवाही, पंचागी, मंगहुर, सराधुधमरे, कोण्डे, साधुमिचगांव, परभेली, कोंडरूज, ओटेकसा, करकापाल, चिखली, सुखई, पाउरखेड़ा शामिल है।

### विधानसभा कांकेर क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र

"निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01" में सम्मिलित ग्राम पंचायत मर्दापोटी, ईरादाह, ईच्छापुर, नवागांव भावगीर, मनकेशरी, कोड़ेजुंगा, मालगांव, कोकपुर, माटवाड़ा लाल, कुरूष्टीकुर, मांदरी, तुलतुली, पीढ़ापाल, मूरागांव, मोदे, आलबेड़ा, तेलावट, कापसी, सुरेली, भैराडीह, डोमाहर्रा, कुलगांव, सिंगारभाट, गढ़पिछवाड़ी, आतुरगांव, व्यासकोंगेरा, मोहपुर, पुसवाड़ा, अंजनी, पुसावंड, पटौद, बेवर्ती, दसपुर शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02" में शामिल ग्राम पंचायत कोदाभाट, माटवाड़ा मोदी, डुमाली, सरंगपाल, हाटकोंगेरा, गोतपुर, सिदेसर, भीरावाही, ठेल्काबोड़, गोविंदपुर, अर्जुनी, माकड़ीखूना, माकड़ी सिंगराय, बागोडार, नारा, कोकड़ी, नाथियानवागांव, पाण्डरवाही, पेटोली, किरगोली, बारदेवरी, कोदागांव, कन्हारपुरी, पोटगांव, बाबुदबेना, मरकाटोला, धनेलीकन्हार, कोकानपुर, तालाकुर्रा, अण्डी, केंवटीनटोला शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03" में शामिल ग्राम पंचायत बागडोंगरी, देवीनवागांव, बिरनपुर, डूमरपानी, मर्रामपानी, आँखिहरर, कोचवाही, किशनपुरी, थानाबोड़ी, नवदबरी, श्रीगुहान, हटकाचारामा, चरभर्टी, उमरादाह, बनसागर, रिसेवाड़ा, आमोड़ा, चनार, चवांड, ढेकुना, कुरना, जुनवानी, बाबूसालेटोला, मर्कटोला, कन्हनपुरी, बुडेली, मानिकपुर, देवरीबालाजी, देवगांव, मासुलपानी, कुरालठेमली, भनसुली, धौराभाटा, बादल, सुरही, मारवाड़ी शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04" में शामिल ग्राम पंचायत दबेना, डोमपदर, मंदरादरहा, जामगांव, घोटियावाही, देवडोंगर, शामतरा, भिरौद, अभनपुर, भैंसमुडी, गंवरसिल्ली, धनेसरा, मुडपार, डंवरखार, करप, कुम्हानखार, सारण्डा, लेण्डरा, रावस, बासपत्तर, साल्हेभन्त, चोरिया, सरोना, दलदली, मालगांव, सर्वंदी, धनोरा, दुधावा, बिहावापारा, मुसुरपुट्टा, मावलीपारा, मांडाभारी, बागाबारी, बासनवाही, साईमुण्डा शामिल है।

### विधानसभा अंतागढ़ क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र

*"निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10" में शामिल ग्राम पंचायत मासबरस, पोड़गांव, बड़ेतोपाल, लामकन्हार, हिमोड़ा, गोडरी, कलगांव, नवागांव, कोदागांव, बोदानार, आमागांव, गोड़बिनापाल, कलेपरस, बुलावण्ड, ताड़ोकी, सरण्डी, ऐड़ानार, तालाबेड़ा, कोसरोण्डा, कोलर, बहसालाहेभाट, फुलपाड़, भैसगांव, मतला बी, करमरी, बण्डापाल, गवाड़ी, देवगांव, बड़ेपिजोड़ी, उसेली, बेलोण्डी, तुमसनार, नागरबेड़ा, टिमनार, चंगोड़ी, फुपगांव, अर्रा, आमाबेड़ा, कोलियारी, मतला (अ), बड़ेतवड़ा, कोतकुड़, कड़हीखोदरा, हिन्दुबिनापाल, मंगतासाल्हेभाट, मुल्ले, गुमझीर, बोड़ागांव, अलानार शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11" में शामिल ग्राम पंचायत बड़ेझारकट्टा, माडले, चारगांव, पोरोण्डी, छोटेबोदेली, सिकसोड़, सुलंगी, कड़मे, दड़बीसाल्हेभांट, कादोसालेभात, जीरामतराई, कामतेड़ा, उदनपुर, चंदनपुर, कैसेकोडो, आलपरस, पानीडोबरी, गुड़ावेड़ा, तुरसानी, कोयलीबेड़ा, परतापुर, बड़गाव, मण्डागांव, मेंड्रा, छिंदपाल, मुरावंडीख, माचपल्ली, स्वरूप नगर, कारेकट्टा, श्रीपुर, भिंगीदार, बदरंगी, अमोड़ी, जेठेगांव, मण्डागांव, कनागांव, भैसासुर, सुरेवाही, टेमरूपानी शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12" में शामिल ग्राम पंचायत लखनपुर, पेनकोड़ो, इन्द्रप्रस्थ, पुरुषोत्तमनगर, घोड़ागांव, जानकीनगर, जयश्रीनगर, वनश्रीनगर, मरोड़ा, लक्ष्मीपुर, जनकपुर, सावेर, विजयनगर, शंकरनगर, पाउँगा, बांदेकालोनी, बेलगाल, जबेली, हनुमानपुर, नागलदंड, पणवार, विष्णुपुर, कुरेनार, इरपनार, ओरछागांव, विकासपल्ली, डउलीया, धरमपुर, छोटीबेटिया, आकमेटा, रंगावाही, ताड़बायली, कंडाडी, सितरम, उदयपुर शामिल है। "निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13" में शामिल ग्राम पंचायत ढोरकट्टा, जयपुर, इरकबुटा, आलोर, प्रेमनगर, बड़ेकापसी, बापुनगर, कोयगांव, विवेकानंदनगर, देवपुर, गोण्डाहूर ,राधानगर, कल्याणपुर, रविन्द्रनगर, हांकेर, मायापुर, हरिहरपुर, चांदीपुर, चाणक्यपुरी, पित्तेभोड़िया, छोटेकापसी, कृष्णनगर, हरनगढ, सत्यनग, बारदा, बलरामपुर, ऐसेबेड़ा, गोविंदपुर, श्यामनगर, द्वारिकापुरी, यशवंतनगर, नहगीदा, मातोली, दुर्गापुर, बैकुण्ठपुर, रामकृष्णपुर शामिल है।*

## मुहल्लेवासियों की पुरानी मांग हुई पूरी, अब बनेगी सीसी सड़क



**कांकेर।** नए कम्युनिटी हाल से लेकर अंबेडकर मूर्ति तक बारिश में इस सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता था, जबकि अधिकतम सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों का आना जाना इसी मार्ग से होता था। अंततः पार्षद के प्रयास से सड़क की स्वीकृति हुई और पार्षद व मुहल्लेवासियों ने 6 नवंबर को भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान पार्षद शैलेन्द्र शोरी, निर्मला मंडावी, रीना शोरी, चमेली ठाकुर, प्रीति साहू, सुनीता सोनी, रेहाना बानो, सावली कुंजाम व अन्य मुहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## उभयलिंगी प्रमाणपत्र बनवाकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- जिला स्तरीय तृतीय लिंग बोर्ड समिति की बैठक
- सुविधाएं उपलब्ध करवाने तय हुई रणनीति




तृतीय लिंग वर्ग के व्यक्तियों की पहचान एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय तृतीय लिंग बोर्ड समिति की बैठक 6 नवंबर को अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर ने तृतीय लिंग के प्रत्येक सदस्य को आगे आकर शासन की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी तृतीय लिंग व्यक्तियों को प्राथमिकता के तौर पर वोटर कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाये जाने से कोई भी इसमे वंचित न हो। अपर कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित उभयलिंगी व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार की झिझक या डरने की जरूरत नहीं है, वे आगे आकर पहचान दर्ज करायें और आवश्यक प्रमाण पत्र बनवा कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। आयोजित बैठक में कांकेर एसडीएम अशोक मार्बल ने कहा कि जिनका वोटर कार्ड नहीं बना है, इसके लिए एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

बैठक में उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि जिले में जिला मजिस्ट्रेट के नियंत्रण में जिला स्तरीय उभय लिंगी सुरक्षा सेल का गठन किया जाना है, जिसके अंतर्गत उभयलिंगी व्यक्तियों का संरक्षण नियम 2020 के नियम 11(5) अंतर्गत उभयलिंगी व्यक्तियों विरुद्ध अपराधी की निगरानी करने और मामला का समय से पंजीकृत करने और अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के नियंत्रण में जिला स्तरीय उभयलिंगी सुरक्षा सेल का गठन ⏭ शेष पेज 12 पर

## ओव्हर, संपवेल व सेडीमेंट टैंक की 11 से की जाएगी सफाई पानी सप्लाई रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- आठ दिन चलेगा अभियान



नगरपालिका परिषद के द्वारा स्थापित ओव्हर टैंक, संपवेल टैंक, सेडीमेंट टैंक की आधुनिक पद्वित से सफाई करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत शहर में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। यह अभियान 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 18 नवंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत सुबह के समय पानी की सप्लाई की जाएगी, वहीं शाम की सप्लाई प्रभावित होगी।

नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोहेल कुमार के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को सेडीमेंट टैंक जलशोधन सयंत्र, 12 नवंबर को संपवेल टैंक जलशोधन सयंत्र, 13 नवंबर को अलबेलापारा अस्पतल के पास का टैंक, 14 नवंबर को मुक्तिधाम के पास का टैंक, 15 नवंबर को आरईएस कालोनी के पास का टैंक, 16 नवंबर को नया बस स्टैंड के पास का टैंक, 17 नवंबर को अघन नगर के मेलाभाटा के पास का टैंक और 18 नवंबर को फायर स्टेशन के पास का टैंक की सफाई की जाएगी। अलबेलापारा टंकी की सफाई होने पर माहुरबंदपारा, अलबेलापारा, उदयनगर वार्ड प्रभावित होंगे। मुक्तिधाम ⏭ शेष पेज 12 पर

**सही को सही कहना ही जनजाति संस्कृति की मूल परम्परा को और श्रेष्ठ बनाता है**

# जनजाति जिस क्षेत्र में रहे, उस क्षेत्र में अंग्रेज कभी जीत नहीं पाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

- जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक को लेकर कार्यशाला





भारत में वन्य संस्कृति, ग्राम्य संस्कृति, नगरीय संस्कृति है, वही भारत की मूल संस्कृति और आत्मा है, जनजाति संस्कृति में हमेशा से सम्मान करना, गलत को गलत कहना, सही को सही कहना ही जनजाति संस्कृति की मूल परम्परा को और श्रेष्ठ बनाता है। जनजाति प्रकृति के पुजारी है। न्याय व्यवस्था स्थानीय में निपटारा करते थे। वर्तमान में कोर्ट, वकील के चक्कर में समय और धन बर्बाद हो रहा है।

महर्षि वाल्मीकि कॉलेज में मंगलवार को आयोजित जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सतीश गोकुल पंडा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में जनजाति समाज के लड़ाई में आगे रहने वालों को याद करना है। अंग्रेज सबसे ज्यादा नाराज रहते थे और जहां पर जनजाति रहे उस क्षेत्र में अंग्रेज कभी जीत नहीं पाया। इससे अंग्रेजों ने जनजातियों का छवि खराब करने का प्रयास किया। आज भी जनजाति के संबंध में अध्ययन के लिए एंथ्रोपोलॉजी बनाया, इसका मतलब जूलॉजी यानी जंतुओं, जानवरों में रखा। जनजातियों के प्रति अंग्रेजों ने जिस चश्मा से देखा उस चश्मा को बदलना है। इनके बारे में अध्ययन करने के लिए म्यूजियम में नहीं उनके पास प्रत्येक रूप से जाकर करना चाहिए।

कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने आयोजन को सराहा और सरकार के इस पहल से कार्यशाला में शामिल सभी लोगों से अपील करते वही यहां की जानकारी को समाज के अन्य हिस्सों में सांझा कर प्रचार प्रसार करने की बात कही। संस्था प्रमुख डा. रश्मि द्वारा अध्यक्षीय उदबोधन करते हुए भारत सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार को जनजाति गौरव दिवस के आयोजन को लेकर बधाई देते हुए कहा कि यह पहला अवसर है कि सरकार द्वारा जनजाति समाज के देश के विभिन्न हिस्सों पर अपने प्राणों की आहुति देने वालों वीर जननायकों को आज हम सब सामुहिक रूप से उनके संघर्षों याद करने व जानने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम को विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित कराठी ग्राम पंचायत के सरपंच चेतन मरकाम ने भी संबोधित कर भारत सरकार और छत्तीसगढ़ को आयोजित जनजाति गौरव कार्यशाला के लिए बधाई दिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम के संयोजक कमल किशोर प्रधान एवं आभार सह संयोजक सुषमा चालकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डहेरिया, रमेश कुमार दर्रो, गणमान्य। नागरिक कोमल सिंह राजपूत, रामबाई गोटा, बीईओ सदेसिंह कोमरे, सतीश श्रीवास्तव, देवेंद्र टेकाम, आकाश सोलंकी, गिरधारी नरेटी, कमलेश निषाद, रमल कोर्राम सहित महाविद्यालीन स्टाफ, छात्र-छात्राएं व अन्य उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**7000955574, 9098324969**

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना मुफ्त बिजली के साथ कराएगी अतिरिक्त आय

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह योजना बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की भागीदारी सुनिश्चित करने में पीएम सूर्य घर योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना के तहत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा। जिससे खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई होगी। इससे न केवल उपभोक्ताओं के घर की बिजली शून्य होगा। बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी। घर के छतों में सौर पैनल स्थापना के लिए हितग्राहियों को शासन द्वारा 30 से 78 हजार रुपएकी सब्सिडी प्रति प्लांट दी जाएगी। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार 1 किलोवॉट के लिए लगभग 65 हजार रुपए की लागत पर शासन द्वारा 30 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। 2 किलोवाट के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए की लागत पर 60 हजार रूपए की सब्सिडी और 03 किलोवाट से अधिक की सोलर संयंत्र के लिए 01 लाख 95 हजार की लागत पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें हितग्राही का अंशदान 10 प्रतिशत रहेगा और शेष राशि के लिए बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराई जाएगी।

### विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक, प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा आज

**कोण्डागांव।** विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह गुरुवार को सुबह 11 बजे स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी होंगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप, कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

### शोकाकुल परिवार से मिला यादव समाज



**नगरी।** ग्राम बेलरगांव के भूखर्रा तालाब में डूबने से यादव समाज की दो सगी बेटी के साथ आदिवासी समाज की एक बेटी की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ यादव समाज के डीके यादव के नेतृत्व में सर्वयादव समाज सिहावा क्षेत्र के पदाधिकारयों ने बेलरगांव पहुंचकर नम आंखों से तीन मृत बेटियों को श्रंद्धाजलि अर्पित की। पदाधिकारयों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। कहा कि यह बेटी सिर्फ आपके परिवार की ही नहीं बल्कि पूरे सर्व समाज की बेटी थी। इनके निधन से परिवार, समाज एवं क्षेत्रवासियों को काफी पीड़ा पहुंची है।

# सामूहिक नृत्य में स्वरांजली डांस ग्रुप रतनपुर, एकल में गणिका अरौद रहीं प्रथम

## केंवटीनटोला में राज्यस्तरीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

श्री श्री बाल गणेश सिंघम समिति ग्राम केंवटीनटोला जिला कांकेर के तत्वावधान में दीपावली के अवसर पर राज्यस्तरीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भाईदूज को रखा गया था। कार्यकम रात्रि 8 बजे से सुबह 9 बजे तक चला। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के कलाकारों को अपनी अभिनय एवं कला दिखाने का अवसर दिया गया। कांकेर, रायपुर ,बिलासपुर, महासमुंद, कोंडागांव , बस्तर, बालोद, और धमतरी जिला के कलाकारों ने भाग लिया। तीन श्रेणियों में ईनाम रखा गया था। शील्ड एवं आकर्षण पुरस्कार छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त निर्णायक मंडल के निर्णय के आधार पर दिया गया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष नायक, अर्जुन भूवार्य, तोमेश साहू, पंकज साहू, लालेश साहू, प्रफुल्ल चूरेंद्र ,पवन चूरेंद्र, ईश्वर कोसमा प्रेमप्रकाश सोनवानी , डोमेश कुलदीप, मुनेश चूरेंद्र, पूनमचंद कुलदीप , हेमलाल भूवार्य ,सामरथ नायक, देवनाथ नायक,नूतन भूवार्य केशव बढ़ाई, चेतन साहू , ओमेश्वर भूवार्य ,मधुभूवार्य, प्रीतम कोसमा , गोविंद चुरेंद्र, संजय भेड़िया के साथ साथ समस्त ग्रामवासीयों का योगदान रहा।



### ये रहे अतिथि

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हेमनारायण गजबल्ला उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर, कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचरण नायक सरपंच ग्राम पंचायत केवटिनटोला , विशेष अतिथि डिकुंतला साहू जनपद सदस्य कांकेर ,अशोक यादव, अमर सिंह बढ़ाई ग्रामपटेल ,गौतम नायक , छत्रपाल साहू, रामदास साहू, हरिचंद कुलदीप, पुनीत चालकी, मोहपत कावड़े , चंदन भुवार्य रहे।

### ये रहे विजेता

जिसमें सामूहिक नृत्य प्रथम स्वरांजली डांस ग्रुप रतनपुर बिलासपुर, द्वितीय जय मां दंतेश्वरी डांस ग्रुप बासकोट कोंडागांव, तृतीय बस्तरीहा डांस ग्रुप अंतागढ़ कांकेर, यूगल नृत्य प्रथम पवन हिना रायपुर , द्वितीय कौशल लक्ष्मी पटेवा महासमुंद , तृतीय भवानी चांदनी हरवेल कोंडागांव रहा। एकल नृत्य में प्रथम गणिका विश्वकर्मा अरौद , द्वितीय नम्रता गोटी दमकसा, तृतीय वृंदाराधा पटेवा महासमुंद ने प्राप्त किया।

## राज्य स्थापना दिवस : कोण्डागांव में 25वें राज्योत्सव का भव्य आयोजन

# छत्तीसगढ़ व बस्तर के पारंपरिक लोकगीतों की बही बयार, सरकार की योजनाओं से रूबरू हुए नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 25वें राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि रहे। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों और स्कूली छात्र–छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी गीतों व लोकगीतों की जमकर बयार बही। वहीं स्टालों के माध्यम से सरकार की योजनाओं से नागरिक रूबरू हुए।

विधायक श्री टेकाम ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास और प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने नक्सलवाद उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने वन संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। जिले के विकास के लिए शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रें में सभी प्रयासों से आगे बढ़ने की बात कही।




कलेक्टर श्री दुदावत ने जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी और जिले की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोण्डागांव आकांक्षी जिला है और शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### ये रहे मौजूद

समारोह में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दीपेश अरोरा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### सांस्कृतिक संध्या में आकर्षक प्रस्तुति

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र–छात्राओं ने आकर्षक लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। साथ ही चिरैया लोकमंच, छत्तीसगढ़ी लोकरंग और रंग झांझर की टीम ने छत्तीसगढ़ी गीतों एवं बस्तर की पारंपरिक लोक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

# दो चोर गिरफ्तार, सोलर पंप जब्त आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



कोंडागांव जिले की फरसगांव थाना पुलिस ने दो अलग अलग मामले में पंप की चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार 5 नबम्बर मंगलवार को प्रार्थी अयतुराम कचलाम निवासी नयानार बीचपारा का घर में रखे सोलर पंप एवं प्रार्थी हिरासिह मण्डावी निवासी हरवाकोडो के घर में रखे एक नग टूल्लू पंप को 4 नबम्बर सोमवार की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले जाने के रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 331 (4) 305 (1) बीएनएस तथा अपराध कमाक 155/2024 धारा 331 (4) 305(1) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले के गंभीरता व क्षेत्र में चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येडेवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत धनेश्री के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा तत्काल मुखबीर लगाते हुये आवश्यक कार्रवाई कर चोरी करने वाले आरोपी अनित नेताम पिता चमराराम नेताम उम्र 35 वर्ष निवासी हरवाकोडो द्वारा अपने घर में छुपाकर रखे 1 नग सोलर पंप कीमती 15000 रुपए तथा अन्य दूसरे अपराध के आरोपी अन्तुराम मण्डावी पिता चमराराम उम्र 31 निवासी हरवाकोडो द्वारा अपने घर में छुपा करे रखो टूल्लू पंप कीमती लगभग 15000 रुपए कुल कीमती 30000 रुपए को आरोपियों के कब्जे से बरामद किया है। रिपोर्ट के चंद घंटों में 5 नवम्बर को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई के बाद 6 नवम्बर बुधवार को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।

### इनका रहा योगदान

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी, सउनि. पिताम्बर कठार, सुरेन्द्र बघेल, आरक्षक शंकर मरकाम, कृष्णा सेटिया, कृष्णा सोनवानी की महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

# तीन गांवों में पुलिया निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विकासखंड माकड़ी में स्थानीय ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए विधायक लता उसेंडी ने पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम बालोंड, देवहरदुली और सोडसिवनी के निवासियों को अब पुलिया के निर्माण से आवागमन में राहत मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए लता उसेंडी का आभार प्रकट किया। विधायक लता उसेंडी ने 12 करोड़ रुपएकी लागत से बालोंड में बासनी नाला पर उच्च स्तरीय पुल, देवहरदुली मार्ग पर पुलिया, और सोडसिवनी ओण्डरी मार्ग पर नाला निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। बालोंड में 520.92 लाख रुपये, देवहरदुली में 467.64 लाख रुपये और सोडसिवनी में 194.80 लाख रुपये की लागत से ये परियोजनाएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब विधानसभा में विकास के कार्य तेजी से होंगे, क्योंकि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है, जो जनता से किए वादों को पूरा करने में तत्पर है। लता उसेंडी ने कहा, "ग्रामीणों की यह मांग कई सालों से लंबित थी। जिसे हमारी सरकार ने 10 माह के अंदर कार्यान्वित किया। क्षेत्र में कोई भी विकास का कार्य अधूरा नहीं रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, बालकुंवर प्रधान, चंदन साहू, दीपेंद्र नाग, संजू ग्वाल, प्रतोश त्रिपाठी, मनीष साहू, पूर्व सरपंच मोहन मरकाम, पाचिया चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने विधायक लता उसेंडी का अभिनंदन किया और इस विकास कार्य के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की।




# छठ पूजा की तैयारी, शहर के मुख्य तालाब का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छठ पूजा पर्व के मद्देनजर शहर के मुख्य तालाब पर तैयारी कार्य जोरों पर है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी और पार्षद अंकुश जैन ने मंगलवार को तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष ने सफाई, ब्लीचिंग, पेंटिंग और रेत डालने जैसे आवश्यक कार्यों के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बारीकी से मूल्यांकन किया गया। ताकि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बिजली व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजामों का भी जायजा लिया और सफाई कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। जिससे श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ दिनेश डे सहित ललित देवांगन, भरत चक्रधारी, मनोहर साहू, देवेंद्र मौर्य और अविनाश उपस्थित रहे।

समयसीमा की बैठक में बस्तर ओलंपिक के तैयारी की भी समीक्षा की

# पीएम सूर्यघर योजना का करें बेहतर क्रियान्वयन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने समय–सीमा की बैठक में बस्तर ओलंपिक के जिला व विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार बस्तर ओलंपिक का भव्य आयोजन किया जाना है। इस दौरान किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम के साथ भोजन, पेयजल और परिवहन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुद्दावत ने बुधवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर– मुफ्त बिजली योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि केन्द्र शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना हैं। इस योजना से हितग्राहियों को मुफ्त बिजली मिलेगी, साथ ही खपत से अधिक बिजली उत्पादन पर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें। साथ ही इसके लिए ऋण स्वीकृति के प्रकरण के निराकरण में भी तेजी लाएं। गिरदावरी सत्यापन के कार्य में अच्छी प्रगति आई है और सत्यापन के लिए शेष कार्य को भी सभी जिला स्तरीय अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने में सहयोग करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए नये स्वीकृत कामों के लिए पंजीयन में तेजी लाने कहा। स्वीकृत आवास के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के लिए सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में स्थित सभी चेकडेम के गेट बंद हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में जनदर्शन और समय–सीमा के आवेदनों पर कार्यवाही की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों के जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा धान खरीदी की तैयारी, सहकार से समृद्धि के तहत समिति का गठन, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत नवीन केन्द्र खोलने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेल समीक्षा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप द्वारा बुधवार को शहर के केन्द्रीय जेल में उपस्थित होकर जेल समीक्षा दिवस का आयोजन कर बंदियों के हालचाल जानकर उनकी समस्या को सूना गया। शिविर में बंदियों को जेल में रहने के दौरान उनके अधिकारों से अवगत कराया गया तथा उन्हें निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता एवं अपील के अधिकार के बारे में बताते हुए उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुहास चकमा विरूद्ध भारत संघ में पारित निर्णय के आलोक में जेल अधीक्षक एवं जेल लीगल एड क्लीनिक के अधिवक्ता को उक्त निर्णय में पारित आदेश क्रा पालन किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक ए. कुजुर, जेल प्रशासन के कर्मचारी एवं जेल में निरूद्ध पुरुष बंदी शामिल रहे।

## लोकसभा और राज्यसभा सत्र के प्रसारण को अवश्य देखें : दुदावत

# कलेक्टर ने युवा संसद के विजेता विद्यार्थियों से मिलकर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोंडागांव जिला रहा प्रथम

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के विजेता छात्र–छात्राओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता में पीएमश्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कोंडागांव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता जनप्रतिनिधियों की कार्य प्रणाली एवं संसद को निकट से जानने–समझने का अवसर प्रदान करती है। आज के छात्र–छात्राएं ही भविष्य में जनप्रतिनिधि बनेंगे। इसके लिए आप सभी लोकसभा और राज्यसभा के सत्र के प्रसारण को अवश्य देखें। जिले के विद्यार्थियों ने कड़े मुकाबले में बीजापुर, कांकेर, बस्तर व अन्य टीमों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की है। कलेक्टर ने इस दौरान संसद की विभिन्न गतिविधियों, संसद एवं विधानसभा में जनप्रतिनिधियों के जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली, प्रश्नकाल के दौरान चर्चा सहित विभिन्न विषयों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने इस अवसर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे ही प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विद्यालय के छात्र–छात्राएं, शिवलाल शर्मा प्राचार्य सेजस जामकोटपारा कोंडागांव, नरेंद्र नायक प्राचार्य शाबाउमावि कोंडागांव, दिनेश शुक्ला प्राचार्य पीएम सेजेस एम जी वार्ड कोंडागांव, नोडल अधिकारी अखिलेश गायधने, तौसीफ आलम, सीमा नंदेश्वर, रूबी भट्टाचार्य, हिमांशु शर्मा, राखी सिंह उपस्थित रहे।



### प्रभावी ढंग से दी प्रस्तुति

जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024–25 में कोंडागांव जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बस्तर संभाग में अपना परचम लहराया है। संसद प्रतियोगिता में समसामयिक मुद्दों और क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से संसद के पटल पर रखने के कारण कोंडागांव के छात्रों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया था। कोंडागांव जिले के छात्रों ने कड़े मुकाबले में बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर की टीमों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में अभिभावकों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। छात्र–छात्राओं को संसद की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई और उसकी लगातार अभ्यास कराया गया था।

## पेज 11 के शेष

### उभयलिंगी प्रमाणपत...

किया जाता है।

**संबंधित विभागों को दिए निर्देश**

अपर कलेक्टर द्वारा इस हेतु पुलिस विभाग के अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का हरसंभव प्रयास करने के लिए संबधित विभागों को निर्देशित किया गया।

### ओव्हर, संपवेल व...

टंकी की सफाई होने पर अन्नपूर्णापारा, मांझापारा वार्ड प्रभावित होंगे। रामनगर की टंकी सफाई होने पर रामनगर, शिवनगर, भंडारीपारा, शीतलापारा, आमापारा, जवाहर वार्ड, संजय नगर वार्ड प्रभावित होंगे। नए बस स्टैंड टंकी की सफाई होने पर कंकालिनपारा, एमजी वार्ड, शांतिनगर, अघन नगर, बरदेभाटा, जनकपुर, राजापारा वार्ड प्रभावित होंगे। मेलाभाटा टंकी की सफाई होने पर जनकपुर वार्ड, राजापारा, एमजी वार्ड, अघन नगर, फायर ब्रिगेड की टंकी से महादेव वार्ड, माहुरबंदपारा, जवाहर वार्ड, संजय नगर, आमापारा, मांझापारा, भंडारीपारा वार्ड प्रभावित होंगे। निर्धारित तिथि को टंकी के प्रभावित ईलाके पर पानी शाम के समय सप्लाई नहीं हो पाएगा, सुबह के समय पानी की सप्लाई होगी।

## खबर संक्षेप

### 2 आईईडी बरामद

**बीजापुर।** सुरक्षा कैंप नम्बी से 205 कोबरा केरिपु 196 बटालियन तथा बस्तरिया बटालियन की संयुक्त टीमें डिमाईनिंग तथा एरिया डोमिनेशन पर उसूर थाना के अंतर्गत भूसापुर की ओर निकली थी। डिमाइनिंग के दौरान 205 कोबरा की बीडीडी टीम द्वारा घने जंगली इलाके में नंबी कैंप से लगभग 2.5 किमी उत्तर-पूर्व दिशा में 3 किलोग्राम व 1.5 किलोग्राम के 2 आईईडी बरामद किया गया। माओवादियों के द्वारा उक्त दोनों आईईडी सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाया गया था। आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया गया था। 205 कोबरा बीडीडी टीम द्वारा सूझबूझ का परिचय देते हुए सतर्कतापूर्वक सुरक्षित तरीके से आईईडी को मौके पर नष्ट किया गया।

### छायाचित्र प्रदर्शनी में योजनाओं की मिली जानकारी



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24वें वर्षगाठ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन बीजापुर के मिनी स्टैडियम में आयोजित कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का स्टॉल विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया था जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। छायाचित्र प्रदर्शनी लोगो में आकर्षण का केन्द्र रहा रात्योत्सव में पहुचे लोगो को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम, मासिक पत्रिका जनमन, रोजगार नियोजन सहित अन्य पत्र-पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। युवाओं में प्रतियोगी के लिए सामग्री को लेकर उत्साह नजर आया।

## निधन

### एल. लक्ष्मीस्वामी

**बीजापुर।** भोपालपटनम क्षेत्र के भाजपा ब्लॉक मंडल महामंत्री एल. लक्ष्मीस्वामी उम्र 45 वर्ष का मंगलवार को वारंगल के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है। वे कर्मठ और मिलनसार व्यक्ति थे। पिछले बीस वर्षो से पार्टी में सक्रियता से जुड़े थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृहग्राम गुल्लापेटा गेरागुड़ा में किया गया।

### विधायक ने राज्योत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारंभ

# 24 वर्षों की यात्रा में प्रदेश में आया अद्भुत परिवर्तनः अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इससे पूर्व विभिन्न विभागों के स्टॉलों में पहुंचकर विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन

- छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य में शुमार अनेक उपलब्धियां हुई हासिल







किया। इस मौके पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती आयशा हुसैन, हुंगाराम मरकाम, अरूण सिंह भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने सभी को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण 1 नवम्बर 2000 में हुआ था, तब से लेकर 2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य की यात्रा और विकसित राज्य बनाने की पहल ने सभी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि 24 वर्षो का यह उत्सव और राज्य निर्माण का यह श्रेय देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को है। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य में शामिल है और प्रदेश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है।

### पूरी हुई मोदी की गारंटी

मुख्य अतिथि विधायक अटामी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं से छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। प्रदेश सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। प्रधानमंत्री ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है।

तेंदूपत्ता संग्राहकों के खातों में सीधी राशि जमा करने के साथ ही उन्हें नकद भुगतान भी किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सहित बस्तर के 75 दिन चलने वाले ऐतिहासिक दशहरा देश-दुनिया में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य होने के कारण धान का कटोरा कहलाता है। भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास में 10 वर्ष उन्होंने छत्तीसगढ़ में बिताए।

## विशाल जनसमूह ने राज्योत्सव का लिया आनंद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति परम्परा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं अन्य जिलों के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आर्केस्ट्रा का विशाल जनसमूह ने भरपूर आनंद उठाया। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विभागीय योजनाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, ग्रामीण विकास, पशुपालन, मत्स्य मछली पालन, कृषि उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला बाल विकास, खेल विभाग एवं जनसंपर्क विभाग सहित कुल 22 विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए लोगों को शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसिकल, बैसाखी सहित विभिन्न सहायक उपकरण भी दिव्यांगजनो को वितरित किया गया। साथ ही अन्य विभाग द्वारा सामग्री एवं विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित कर चेक, वन अधिकार पत्र, कृषि उपकरण, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वितरण किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित वरिष्ठ नागरिक श्रीनिवास मुदलियार, जी वेंकट, संजय लुक्कड़ द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

## सुकलो राम के लिए मत्स्य पालन बना आय का साधन



**दंतेवाड़ा।** एक सफल मत्स्य पालक के रूप में विकासखण्ड गीदम के ग्राम मड़से स्कूल पारा के रहने वाले सुकलों राम वेक ने अपनी मिसाल प्रस्तुत किया है। वे बताते है कि उनके परिवार में कुल 7 सदस्य शामिल है जिनके भरण पोषण की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। मूल रूप से यह कृषक परिवार आय के नाम पर खेती और मछली पालन पर ही निर्भर है। सुकलो राम ने आगे बताया कि उनके पास लगभग 8 से 10 एकड़ जमीन है। आय को कोई अन्य स्त्रोत ने होने पर उन्होंने विभाग के मार्गदर्शन में 2.5 एकड़ भूमि में तालाब खुदवाने का निर्णय लिया। इसके साथ ही उन्हें मत्स्य पालन प्रशिक्षण दिया जाकर विभाग के फील्ड अधिकारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में अंगुलिका संचयन मत्स्य बीज प्रदाय किए गए।

## कलेक्टर ने कहा बुनियादी सुविधाओं में करें सुधार

हरिभूमि न्यूज : कोंटा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को विकाखण्ड कोंटा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्वास्थ्य, शिक्षा और बैंकिंग सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सुधार और कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के

- कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने संवेदनशील भेज्जी क्षेत्र का किया निरीक्षण

निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, एसडीएम कोंटा शबाब खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे । कलेक्टर ध्रुव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा का निरीक्षण करते हुए अनुपयोगी सामान को तुरंत रिप्लेस करने और मेंटल काउंसलर, गायनोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिशियन, और



एक्स-रे टेक्निशियन की नियुक्ति करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने, डोम शेड का निर्माण करने, और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) को फंक्शनल बनाने के निर्देश भी दिए। पानी की समस्या का समाधान करने के साथ-साथ स्व सहायता समूह के लंबित भुगतान का निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने मरीजों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी और शिशु सुरक्षा किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, अतिरिक्त कक्ष निर्माण शीघ्र पूरा करने को कहा।

कलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्र प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास भेज्जी का दौरा करते हुए बच्चों को बेडशीट, चादर जैसी आवश्यक सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। छात्रावास में शौचालय का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने और नवीन निर्माणाधीन बालक छात्रावास का गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र गोरखा का निरीक्षण करते हुए वहां स्टाफ की आवश्यकता को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, केंद्र में पंजीयन को नियमित एंट्री करने को कहा ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

कोंटा स्थित सहकारी बैंक मर्यादित का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने बैंक डेटा को शीघ्र अपडेट करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और बैंकिंग सेवाओं में सुधार आए।

## 50 के हुए केदार, जन्मदिन पर हुए विभिन्न आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया। प्रातः मणिकेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना से प्रारंभ कार्यक्रम का समापन अटल चौक में आतिशबाजी के साथ हुआ।

कोंटा अटल चौक में केदार कश्यप यूथ फैंस क्लब के नेतृत्व में केदार कश्यप के जन्मदिन पर केक काटा गया। मंडल अध्यक्ष सांई रेड्डी ने कहा कि केदार कश्यप युवाओं के दिलों की धड़कन हैं। इसलिए युवा उनमें में उनके अपना राजनीतिक मार्गदर्शक के रूप में देखता है। यूथ फैंस ने वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जिसमें कई पेड़ केदार कश्यप के नाम के लगाये। इसके साथ ही वृद्धा आश्रम मां सोसायटी में नारायणा भोज एवं वृद्धजनों एवं गमछा वितरण कार्यक्रम किया। मेहता के आदिवासी आश्रम के बच्चों के साथ न्यौता भोज रखकर बच्चों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोजन ग्रहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा में मरीजों को फल वितरण कार्यकम कर युवाओं ने 22 यूनिट ब्लड केदार कश्यप के नाम ब्लड बैंक में दिया। जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चर्तुवेदी ने कहा 22 वर्षो के राजनैतिक जीवन में हमेशा बस्तर के विकास को ही प्राथमिकता देते हुए स्व. दादा बलीराम कश्यप के सपनो को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

## आयुष्मान इंम्पैनल्ड अस्पतालों को जानकारी जनमानस तक पहुचाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के सीमावर्ती राज्यों के आयुष्मान इंम्पैनल्ड निजी अस्पतालों की जानकारी जनमानस तक पहुंचाने व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें ताकि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क मिल सके। सीमावर्ती राज्य तेलंगाना, महाराष्ट्र सहित हैदराबाद एवं विशाखापटनम में जिले के मरीज ईलाज के लिए जाते हैं जानकारी के अभाव में अन्य अस्पतालों पर ईलाज के दौरान विभिन्न आर्थिक समस्या का सामना परिजनों को करना पड़ता है। उक्त निर्देश कलेक्टर संबित मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक में सीएमएचओ को दिए। वहीं सीईओ जनपद पंचायतों को गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी एवं दीवार लेखन जैसे गतिविधियों के द्वारा ग्रामीणों को बेहतर और निःशुल्क ईलाज के लिए जागरूक करें तथा आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता को बताएं ताकि लोग आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे प्राप्त करें यह समझ सके। बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ जिले में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 11 नवंबर से होने जा रही है। बस्तर ओलंपिक के सभी स्तरों पर सुरक्षा के साथ सफलतापूर्वक आयोजन करने, नामजद अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वो का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी ली आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का निराकरण त्वरित करने पर राजस्व विभाग सहित संबंधित विभागों को बधाई देते हुए शेष प्रकरणों को भी आपसी समन्वय के साथ त्वरित निराकृत करने मानव क्षति जैसे प्रकरण से मृत्यु के तीन माह के भीतर मुआवजा राशि उनके परिजनों को मिल सके इस दिशा में मिलकर कार्य करने को कहा।

## 48 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 48 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत सर्पदंश से मृत्यु के 5 प्रकरणों में मृतिका नंदे बारसे के निकटतम वारिस उनके पति राजु बारसे निवासी ग्राम हीरोली, मृतिका सोमली कारम के निकटतम वारिस उनके पुत्र बदरू कारम निवासी ग्राम हीरोली, मृतक राजू ओयाम के निकटतम वारिस उनके पिता सुक्कु ओयाम निवासी ग्राम बड़ेपल्ली, मृतिका सुक्की तेलम के निकटतम वारिस उनके पुत्र मंगलराम तेलम निवासी ग्राम नुकनपाल, मृतक जग्गू पूनेम के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती सुक्को पुनेम सहित प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का
ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल आज से चिंगपाल में

**दरभा।** जनपद पंचायत दरभा अंतर्गत 46 ग्राम पंचायतों के खिलाडी दिखाएंगे अपनी जौहर, जिन्हे चार जोन मे बांटा गया है। गुरुवार से शुरू होने वाली बस्तर ओळपिंक खेल जिसमे पहले दिन शामिल होने वाले पंचायतो की संख्या कुल 11 है जो डीलमिली क्रमांक 1, काटाकांदा, डीलमिली क्रमांक 2,अलवा, डोडरे पाल, चितापुर 1, चितापुर 2,बड़े कड़मा, चिडपाल, नेगानार और लेंड्रा सम्मिलित है। वंही शुक्रवार को दूसरे जोन मे 12 पंचायत सेड़वा, कोयनार, छिंदबाहर, ककनार, चिंगपाल, केशापुर, मावलीपदर 1 और 2, टोपर, कामानार, कुटुमसर तीरथगढ़ सम्मिलित है। तीसरे जोन मे शनिवार को कुल 11 पंचायत जिसमे मामड पाल, गुमड़पाल, कटेनार, केलाउर, नीलेगोंदि बोदेनार, पखनार 1,2,3, तोयनार, कलेपाल, और बीसपुर सम्मिलित होंगे और अंतिम जोन मे 12 पंचायत रविवार को आमने सामने होंगे, जिसमें चन्द्रगिरी 1,2, छिंदावाड़ा 1,2,3,करका, दरभा, ककालगुर, कोलेंग, कांदानार, छिंदगुर और मुंडागढ़ शामिल होंगे। चारो जोन के चयनित खिलाडी दिनांक 11 और 12 को विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलपिंक खेल मे सम्मिलित होंगे, जनपद पंचायत दरभा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशरी लाल फाफा ने बताया की इस बस्तर ओलपिंक खेल मे 46 ग्राम पंचायतों के खिलाडी होंगे जो खेल खेलेंगे दौड़, लम्बी खुद, ऊँची खुद, तौवा फेंक, बेडमिंटन, रिलेरेस, तिरंदाजी, फुटबाल, कराटे, कबड्डी, खोखो, व्हालिबाल, रस्साकस्सी जैसे खेल होंगे। खिलाड़ी दो वर्ग मे होंगे जो सीनियर, जूनियर और महिला पुरुष शामिल होंगे।

# विभिन्न खेल विधाओं में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बस्तर ओलंपिक 2024 के तहत बकावंड विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन आज 6 नवंबर से शुरू हो गया है। विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ी हुनर दिखा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक का खुमार खिलाड़ियों के साथ ही युवाओं और बुजुर्गों तक में चढ़ने लगा है।

बस्तर ओलंपिक का ब्लॉक स्तरीय आयोजन बकावंड हाई स्कूल ग्राउंड में शुरू हो गया है। इसमें ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों के युवा एवं स्कूलों के विद्यार्थी अलग अलग इवेंट में भाग ले रहे हैं। बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक लेवल के इवेंट बकावंड में 6 से 12 नवंबर तक होंगे। बस्तर ओलंपिक की 11 खेल विधाओं के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है।

एथलेटिक खेल में 100मी., 200मी. 400मी. दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो एवं रिले रेस आदि नौ




अलग-अलग इवेंट में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त तीरंदाजी इंडियन राऊंड 30मी., 50मी., बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी खेल भी शामिल हैं। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य सरिता जितेंद्र पाणिग्रही, जनपद उपाध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ एसएस मंडावी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा, शिक्षक शिक्षिकाओं पंचायत सचिवों और सरपंचों की उपस्थिति में हुआ।


Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एक साल बाद भी चालू नहीं हुआ मोबाइल टावर

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम नेवारी स्थापित बीएसएनएल टावर एक साल बाद भी चालू नहीं हो पाया। ग्रामीण भगवानी नेताम, जगतराम, अमरसिंग ने बताया कि हमारे गांव में एक साल पहले बीएसएनएल का नया मोबाइल टावर लगाया गया, लेकिन आज तक चालू नहीं किया गया है। नए मोबाइल टावर शोपीस बनकर खड़ा है। गांव के लोग नए मोबाइल टावर लगने बीएसएनएल सीम लेकर टावर चालू होने की एक साल से इंतजार करते बैठे हैं। पर भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी मोबाईल टावर की स्थापना कर चुप बैठे हुए हैं।

### जनपदस्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगेगा पर्रेकोड़ो में 11 को



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के क्लस्टर हाटकोंदल की ग्राम पंचायत पर्रेकोड़ो में 11 नवंबर को सुबह साढ़े 10 से दोपहर ढाई बजे तक आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों व समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें ग्राम पंचायत कलंगपुरी, सिवनी, तरईघोटिया, तरहुल, हाटकोंदल, भीरावाही, परेकोड़ो, झिटकाटोला के ग्रामीण शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुरेंद्र बंजारे ने शिविर में ब्लॉक स्तरीय व क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।


### चारामा में बस्तर ओलंपिक खेल का आयोजन 13 से

**चारामा।** ग्रामीण युवाओ को खेल के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने एंव रचनात्मक दिशा प्रदान करने युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने 13 नवम्बर से 16 नवम्बर तक शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम चारामा में आयोजित होगा। इसमें जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष और सीनियर वर्ग 17 वर्ष व उससे अधिक उम्र के महिला पुरूष भाग लेंगे। ओलंपिक प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में 100 मीटर से 400 मीटर तक दौड, लंबीकूद, उँचीकूद, गोलाफेंक, भाला फेक, 400 मीटर रिलेरेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबाल, रस्सा कसी, सहित जिला स्तर पर हॉकी एंव वेट लिफिटग खेलो का आयोजन होगा। 2000 से अधिक लोगो ने अभी तक पंजीयन करा लिया है एंव 12 नवम्बर तक अन्य खिलाड़ी भी अपना पंजीयन ग्राम एंव जनपद स्तर पर करा सकेंगे।

# एलबी संवर्ग व्याख्याता अनिता का सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय हाईस्कूल चिनौरी में पदस्थ एलबी संवर्ग के व्याख्याता अनिता मोहिते के सेवानिवृत्त होने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने विदाई सम्मान समारोह का आयोजन कर्मचारी भवन में किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला और ब्लाक अध्यक्ष बोधन साहू ने कहा कि हमारे विकासखंड चारामा में पहली बार एलबी संवर्ग के शिक्षक का सेवानिवृत्त हो रहा है, लेकिन आज भी एलबी संवर्ग के शिक्षक पूर्ण पेंशन से वंचित हैं। सेवानिवृत होने पर समीक्षा चर्चा भी किया गया, जहां बहुत कम पेंशन की प्राप्ति की बात शिक्षा विभाग अधिकारियों द्वारा जानकारी मिली है। एलबी संवर्ग के व्याख्याता अनिता मोहिते अपने शिक्षकीय जीवन काल बहुत ही मितव्ययिता पूर्ण और बच्चों के बीच में आदर्श शिक्षिका रूप में काम किया है,जिनके उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य जीवन की कामना करते हैं। सम्मान मिलने पर अनिता मोहिते ने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।



### टीचर्स एसोसिएशन चारामा का आयोजन

**ये रहे उपस्थित**

सम्मान समारोह में जिला पदाधिकारी राजेंद्र खुडश्याम, पुरुषोत्तम सोनवंशी, मनीष तिवारी, पुरुषोत्तम मेश्राम, ममता श्रीवास्तव, चिंतामणी यादव, धर्मेन्द्र कुमार साहू, नीलू रजक, मिथलेशकर शर्मा, हरिराम सौंदर्य, बसंत लांजेवार, अमित सक्सेना, महिला प्रकोष्ठ से भुवनेश्वरी साहू, उमेश्वरी अवस्थी, ग्वालिन जुर्री,सोमपुष्पा मरकाम,मंगेश्वरी ठाकुर, पदमनी तेता उपस्थित रहे।

## अपराध : पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ मामला

# तीन युवकों ने की मारपीट, नकदी और बाइक लूटकर हो गए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर के शराब दुकान में शराब पीने के लिए तीन दोस्तो में से एक दोस्त के साथ तीन अज्ञात युवकों ने मारपीट करते हुए मोटर सायकल, मोबाइल और नकद लूट लिया। मारपीट से ग्रामीण बेहोश हो गया, जिसे आरोपियों ने सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए।

थाने में शिकायत करने पहुंचे रानवाही निवासी लखन लाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 4 नवंबर को शाम करीबन 4 बजे के आसपास गांव के 55 वर्षीय शंभूराम पटेल पिता रजऊराम और 56 वर्षीय सूरज लाल नाग पिता जगदेव राम नाग दोनो आवासपारा रानवाही निवासी मेरे मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 9480 में सवार होकर देशी शराब दुकान भानुप्रतापपुर गए थे। शराब लेकर तीनो शराब दुकान के पीछे बैठकर शराब पिए। शराब पीने से ज्यादा नशा होने पर मोटर सायकल सीजी 19 बीएल 9480 को नहीं चला पाने से मोटर सायकल को मै वहीं पर खड़ा करके मोटर सायकल के बाजू में सो गया। मेरे साथ आए शंभूराम पटेल व सूरज लाल पटेल मुझे छोड़कर चले गए। कुछ समय बाद नशा कम होने पर उठकर घर जाने के लिए मोटर सायकल को चालू करने लगा तो मोटर सायकल चालू नही हुआ। मोटर सायकल को चेक किया तो प्लग को किसी अज्ञात ने निकाल लिया था। मोटर सायकल को धक्का देते हुए ले जा रहा था, जाते समय देखा देशी-विदेशी शराब दुकान व अहाता खुला था। शराब दुकान के सामने बंद पान दुकान के पास पंहुचा था कि शराब दुकान की तरफ से 3 लड़के एक पुरानी मोटर सायकल में आए, जिन्हे मै नहीं जानता। करीबन 9 बजे उसमें से एक लड़का काला रंग का हुड्डी टी शर्ट पहना हुआ था। तीनों मोटर सायकल से उतर कर पूछे क्या हो गया। मैंने बताया कि कोई व्यक्ति मेरे मोटर सायकल का प्लग निकाल लिया है। तीनों बोलने लगे कि हमारे पास प्लग है, हम तुम्हारी मदद कर देंगे कहते हुए काला रंग का हुड्डी टी शर्ट पहना हुआ लड़का मेरे पीछे गया। गाली देते हुए दारू पीने आया है, कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए पीछे से एक व्यक्ति किसी वजनदार वस्तु से हमला किया। तीनों मिलकर हाथ मुक्का व लात घूसा से मारपीट किए। मारपीट करने से सिर में, दाहिना हाथ, चेहरे में चोट लगने से मै बेहोश होकर वहीं गिर गया। होश में आने पर देखा तो उस समय आसपास कोई नहीं था। मुझे पान दुकान के बाजू घास के पास फेंककर मेरा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 9480 कीमत करीबन 18 हजार रूपएं, एक मोबाइल और नकद 500 रुपए को लूटकर ले गया। अंधेरा सुनसान होने से पैदल चलकर अपने ग्राम रानवाही 5 नवंबर की रात 1 बजे के करीबन घर पहुंचा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 309 (4), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## दुर्गा चौक में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा नकद दो हजार रुपए जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर पुलिस ने आवासपारा दुर्गा चौक के पास रात को छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पकड़ा और उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। तीनों जुआरियों के कब्जे से कुल 2 हजार 130 रुपए को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को आता देख कुछ जुआरी भागने में कामयाब हुए।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आवासपारा नरहरपुर दुर्गा चौक के पास कुछ लोग ताश के 52 पत्ते से रुपए पैसा का हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 5 नवंबर की रात 10 बजे पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए तीन जुआरियों को पकड़ा। कुछ जुआरी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से वार्ड क्रमांक 11 निवासी 50 वर्षीय ध्रुव पिता स्व. बुधारूराम ध्रुव, वार्ड क्रमांक 10 निवासी 32 वर्षीय हरीश साहू पिता स्व. जागेश्वर साहू और वार्ड क्रमांक 11 निवासी 36 वर्षीय क्षत्रपाल साहू पिता शिवप्रसाद साहू को जुआ खेलते हुए दबोचा। जुआरी धनश्याम ध्रुव के पास से 310 रुपए व फड़ से 150 रुपए, हरीश साहू के पास से 500 रुपए व फड़ से 500 रुपए और क्षत्रपाल साहू के पास से 320 रुपए व फड़ से 350 रुपए कुल 2 हजार 130 रुपए, ताश के 52 पत्ते को जब्त किया गया। जुआ खेलते हुए जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) छग जुआ प्रति. अधि. 2022 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बस्तर विवि के स्टॉल का सीएम ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में राज्योत्सव पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गये प्रदर्शनी डोम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर का भी स्टॉल लगाया गया है।

राज्योत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विवि की एकेडमिक गतिविधियों से संबंधी फ्लेक्स और कालीपुर में प्रस्तावित विवि के नए भवन के बिल्डिंग मॉडल की सराहना की। विवि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सजीवन कुमार ने इस दौरान जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बहुविषयी शिक्षा, शोध की स्थिति, विकास के आगामी योजनाओं और क्रियान्वयन प्रक्रिया से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

विवि की ओर से सह-प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार सोनी और अतिथि व्याख्याता राहुल सिंह, पूजा ठाकुर व श्रद्धा डोंगरे ने राज्योत्सव में अवलोकन के दौरान विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। बस्तर विवि के स्टॉल अवलोकन के लिए कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित विवि परिवार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

### छठी मईया सभी छठ व्रतियों की मनोकामना पूर्ण करें

**जगदलपुर ।** भाजपा कोषाध्यक्ष रजनीश पानीग्राही ने लोक आस्था के प्रतीक चार दिवसीय महापर्व छठ के अवसर पर भगवान भास्कर व छठी मईया से समस्त छठ व्रतियों के परिवारों को सुख, समृद्धि, शांति की प्रार्थना करते हुए शुभकामनाएं दी है। उन्होने कहा कि पहले दिन व्रती महिलाएं इंद्रावती नदी व गंगा मुंडा, दलपत तालाब में स्नान कर नहाय-खाय विधान पूरा कर आज बुधवार को खरना विधान संपन्न किया इसके साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा।

## ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर चंवाड़ में मिले 42 आवेदन



**कांकेर।** नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम चंवाड़ में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार 6 नवंबर को ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। जनपद पंचायत के सीईओ अश्विनी यादव ने बताया कि जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जिला एवं जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम चंवाड़ में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 14, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 11 तथा समाज कल्याण विभाग के 05 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका यथासंभव निराकरण किया गया।


## सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक हुईं शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा के ग्राम पंडरीपानी में दीपावली के पावन अवसर पर नव युवा जागरण समाज सेवा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक लहर नरहरपुर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सावित्री मनोज मंडावी, हिरवेंद्र साहू विधायक प्रतिनिधि, संतोषी सिन्हा जनपद सदस्य, महेन्द्र नायक प्रदेश महासचिव एनएसयूआई , रेखा देहारी सरपंच, वाशु चंद्रवंशी, हेतराम मंडावी, पवन सिन्हा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## न्यायालय परिसर में पहुंचा भालू, वन अमले ने भगाया



**कांकेर।** जिला मुख्यालय कांकेर के न्यायालय परिसर में 6 नवंबर को दोपहर को भालू घुस गया और परिसर में झाड़ियों में छिप गया। भालू के होने की जानकारी वन विभाग को दिया गया। वन विभाग के अमले ने पहले भालू को देखने के लिए जुटी भीड़ को हटाया। उसके बाद भालू को भगाया गया। वन विभाग के अमले का कहना है कि कांकेर शहर के चारों ओर पहाड़ी है, जिसके चलते दिन हो या रात भालू कहीं भी पहुँच जाते है। भीड़ जुट जाने के कारण ही भालू अपने आपको असहज महसूस करते है। भीड़ न हो तो भालू कुछ समय बाद फिर से पहाड़ की ओर निकल जाते हैं।

## अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत दुधावा चौकी पुलिस ने छामापार कार्रवाई करते हुए हाथ भट्‌टी से बना हुआ कच्ची महुआ शराब के साथ शराब कोचिए को पकड़ा। कोचिए के कब्जे साढ़े 3 लीटर महुआ शराब को बरामद किया गया।

पुलिस को मुखबीर से जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम गढ़ियापारा बासनवाही में हाथ भट्टी से बना देशी महुआ शराब अवैध रूप से बेच रहा है। मिली जानकारी की तस्दीक करने के बाद पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर शराब बेच रहे व्यक्ति को पकड़ा जो एक जरकीन में हाथ भट्टी से बना हुआ देशी महुआ शराब रखकर बिकी कर रहा था। नाम पता पुछने पर अपना नाम गढ़ियापारा बासनवाही निवासी 25 वर्षीय महेश कुमार नेताम पिता श्यामु राम नेताम बताया। शराब कोचिए के कब्जे से साढ़े 3 लीटर महुआ शराब कीमती साढ़े सात सौ रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सांसद एवं विधायक ने व्यवसाय के लिए सौंपा ऋण स्वीकृति पत्र

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 24 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 5 नवम्बर को जिला स्तरीय राज्योत्सव 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में कांकेर तहसील के ग्राम मरदापोटी निवासी रामाधीन मातलाम को किराना स्टोर्स संचालन हेतु 47 हजार 500 रुपए का ऋण स्वीकृति पत्र सांसद एवं विधायक के द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के प्रभारी कार्यपालन अधिकारी आरएस कमल एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## सहकारी समितियों में ताला लगने से बढ़ी समस्या

# धान खरीदी से पहले सहकारी समितियों में लग गया ताला, कर्मचारियों ने शुरू किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- धान खरीदी प्रभावित होने की आशंका

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। जगदलपुर में संभागीय स्तर पर सात जिलों के कर्मचारियों ने धरना देकर हल्ला बोला, उधर सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल से राशन वितरण प्रभावित हो गया है। धान खरीदी की तैयारी भी ठंडे बस्ते में चली गई है।



सहकारी कर्मचारी शासन को लगातार कई साल से अपनी मांगों से अवगत करा रहे हैं। इसके बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं हुई है। इससे नाराज सहकारी कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। कर्मचारियों की मांग है कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छग में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय वेतन अनुदान राशि दी जाए। सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी में सूखत मान्य किया जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की जा रही है।

### पिछले साल का कमीशन अब तक नहीं मिला

विडंबना यह है कि पिछले साल की धान खरीदी का कमीशन अब तक समितियों को नहीं दिया गया है। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान अप्राप्त है। उधर समितियों में कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हैं। उनका चरणबद्ध आंदोलन 18 अक्टूबर से चल रहा है।

### किसान होंगे परेशान

विकासखंड दुर्गूकोंदल के सभी सहकारी समिति के कर्मचारी संभाग स्तर की हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। जिससे विकासखंड के सभी सहकारी समिति में ताले लगे हुए है, जिसे लोगों को परेशानी जा रही है। 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने की घोषणा सरकार के द्वारा किया गया, किसान परेशान है कि ऐसे में धान की खरीदी कैसे होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411